Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a food processing plant and irrigation facilities in Dumka Parliamentary Constituency.

श्री सुनील सोरेन (दुमका): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संथाल परगना प्रमण्डल अति पिछड़ा हुआ आदिवासी बहुल क्षेत्र है । सिंचाई की सुविधा पर्याप्त नहीं रहने के बावजूद यहां के किसान उन्नत किस्म की सब्जी एवं खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं । हमारे संसदीय क्षेत्र दुमका में, विशेषकर, आलू, टमाटर, मटर, मक्का आदि की खेती व्यापक रूप से होती है । पर, किसानों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है । अगर दुमका जिले में फुड प्रोसेसिंग का प्लांट लगाया जाता है तो बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और किसानों को उचित दाम मिलेगा । इसके साथ ही साथ, लोगों को अच्छे किस्म के उत्पाद भी प्राप्त होंगे ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय मंत्री से आग्रह करता हूँ कि झारखंड के दुमका में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना की जाए, ताकि आदिवासी बहुल क्षेत्र का समुचित विकास हो सके और साथ ही साथ किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो सके ।

माननीय सभापति : श्री बालाशौरी वल्लभनेनी – उपस्थित नहीं ।